06.11.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्र सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी।

○ जयपुर में राइजिंग राजस्थान एजूकेशन प्री समिट में 28 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के 507 एमओयू किये गये।

○ राज्य की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए प्रचार तेज़–कांग्रेस, भाजपा, आरएलपी और भारत आदिवासी पार्टी की ओर से कई जगह जनसभाएं।

○ नीति आयोग के जल उत्सव अभियान के तहत हनुमानगढ़ जिले के आशान्वित ब्लॉक संगरिया के बोलांवाली में जल बंधन कार्यक्रम आयोजित।

000

केन्द्र सरकार ने मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम–विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में आज नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बिना किसी जमानत के ऋण प्राप्त करने के पात्र होंगे।

.................

इसके अलावा सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के लिए 10 हजार 700 करोड़ रुपये की इक्विटी के निवेश को मंजूरी दी है। इस निवेश से सरकार पर ब्याज और सब्सिडी का बोझ कम होगा।

कैबिनेट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तीन हजार छह सौ करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएम विद्यालक्ष्मी को कैबिनेट की मंजूरी से उच्च शिक्षा में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और देश के युवा अपने सपनों को साकार करने में सक्षम होंगे। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री प्रधान ने कहा कि पीएम विद्यालक्ष्मी के तहत जमानत–मुक्त और गारंटर–मुक्त शिक्षा ऋण मेधावी छात्रों के लिए उच्च शिक्षा तक पहुंच को आसान बनाएगा।

000

जयपुर के सीतापुरा में आज राइजिंग राजस्थान एजुकेशन प्री समिट 2024 का आयोजन किया गया। समिट में 28 हज़ार 50 करोड़ रुपए से ज्यादा के 507 एमओयू किये गए। समिट का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा, युवा और खेल मामला के मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत अब तक निवेशकों के साथ 18 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हो चुके है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार का मकसद केवल आंकड़े गिनाना नहीं है, बल्कि लोगों तक योजनाओं को पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवेश आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुखमंत्री ने कहा कि बड़े शहरों के साथ साथ छोटे कस्बों और तहसील स्तर पर भी शिक्षा संस्थाएं विससित होनी चाहिए।

................

कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेश में निवेश के लिए भामाशाहों का आभार जताया। वहीं भरतपुर में कल इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया जाएगा। जिले में अब तक 59 इकाईयों से 1 हजार 446 करोड रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें करीब 6 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। कार्यक्रम

में जल संसाधन मंत्री और जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत मौजूद रहेंगे। जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि कार्यक्रम में निवेश के इच्छुक उद्यमियों के लिए ऑनलाइन एमओयू के लिए राजनिवेश पोर्टल की व्यवस्था की गई है।

000

राज्य की सात विधानसभा सीटों पर 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार तेज हो गया है। इस उपचुनाव में कुल 69 उम्मीदवार मैदान में हैं। कांग्रेस और भाजपा ने सभी सात सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं वहीं खींवसर में आरएलपी तथा चौरासी में भारत ट्राइबल पार्टी के प्रत्याशी अपनी सीटों को वापस हासिल करने के लिए जोर लगा रहे हैं।

भाजपा की ओर से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया समेत 17 वरिष्ठ नेताओं ने आज विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं कीं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी चुनाव प्रचार में जुटे हैं।

000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने आज झुंझुनूं का दौरा कर तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ उपचुनाव को लेकर अब तक की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री महाजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब तक 10 करोड़ रुपए से ज्यादा की नकदी, सोना और अवैध शराब को जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अर्धसैनिक बल लगाया जाएगा। इसके अलावा सभी मतदान केन्द्रों को वेब कास्टिंग से जोड़कर कड़ी निगरानी की जाएगी। साथ ही जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत दिव्यांग मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को जिला परिषद के सीइओ कैलाश चन्द्र ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में दिव्यांगों ने स्लोगन पट्टिकाओं और बैनर के माध्यम से आमजन को मतदान का संदेश दिया।

टोंक जिले के देवली–उनियारा निर्वाचन क्षेत्र में होम वोटिंग की प्रक्रिया के तीसरे दिन आज बुजुर्ग और दिव्यांगों मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस पर्व में उत्साह से भाग लिया। वहीं दौसा में आज से होम वोटिंग प्रक्रिया के पहले चरण की शुरूआत हुई, जो कल भी जारी रहेगी।। हमारे संवाददाता ने बताया कि पहले चरण में 6 और 7 नवम्बर को मतदानकर्मियों की टीम पात्र मतदाताओं से घर–घर जाकर वोट डलवा रही हैं।

...............

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि भारत लिंग आधारित भेदभाव समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री देवनानी आज ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67वें सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। श्री देवनानी ने कहा कि सुरक्षित दुनिया प्रदान करने वाले सम्मेलनों के प्रति सभी राष्ट्र और राज्यों को अपनी संकल्पबद्धता को भी मजबूत करना होगा। इसके लिये सभी को एकजुट होकर भेदभावपूर्ण लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

000

नीति आयोग की ओर से जल प्रबंधन, संरक्षण और स्थिरता के प्रति जागरुकता और संवेदनशीलता पैदा करने के लिए शुरू किए गए जल उत्सव अभियान में हनुमानगढ़ जिले के आशान्वित ब्लॉक संगरिया को भी शामिल किया गया है। 15 दिवसीय उत्सव में तहत जिला कलेक्टर काना राम और जनप्रतिनिधियों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोलांवाली में उच्च जलाशय पर पवित्र धागा बांध का 'जल बंधन' उत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने आमजन को जल उत्सव की शपथ दिलाई। इसमें जल संसाधनों को बनाए रखने और उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया गया, ताकि जल का विवेकपूर्ण और सतत उपयोग सुनिश्चित हो सके। जिला कलेक्टर

ने कहा कि नीति आयोग द्वारा जल उत्सव देश के 20 राज्यों के 20 आशान्वित जिलों और ब्लॉक्स में मनाया जा रहा है। इस अभियान में संगरिया ब्लॉक को शामिल करने से सब की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। श्री कानाराम ने आकाशवाणी को बताया कि ब्लॉक में जल संरक्षण के प्रति जनजागरुकता के लिए 15 दिन तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

...............

000

जयपुर डिस्कॉम की ओर से उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए हर महीने दूसरे और चौथे मंगलवार को सहायक अभियन्ता कार्यालयों में जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अब तक करीब साढ नौ हजार शिकायतों का शिविर स्थल पर ही निस्तारण कर उपभोक्ताओं को राहत दी गई है। डिस्कॉम चेयरमैन और जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से उपभोक्ताओं की बिजली शिकायतों का एक ही स्थान पर जल्द से जल्द निपटारा किया जा रहा है।

000

जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ 9 नवम्बर को वैशालीनगर पुलिस थाना में जन सुनवाई करेंगे। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। जनसुनवाई का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक का रखा गया है।

000

स्वायत्त शासन विभाग ने सफाई कर्मचारी भर्ती के लिए आवेदन की आखिरी तारीख बढ़ाकर 20 नवम्बर कर दी है। इससे पहले आवेदन की समय सीमा आज समाप्त हो रही थी। विभाग ने राज्य के 185 नगरीय निकायों में 23 हजार 820 सफाई कर्मचारी पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। इसमें अजमेर संभाग के 13 निकायों में 1 हजार 445 पदों पर भर्ती होनी है। ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा की गई गलतियों को 21 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक ठीक किया जा सकेगा।

000